गोपनीयता नीति

पिछले अपडेट की तारीख: 6 जुलाई, 2023

सैपियन लैब्स एक 501 (सी) 3 गैर-लाभकारी अनुसंधान संगठन है जो संयुक्त राज्य अमेरिका के आर्लिंगटन, वीए में स्थित है, इनका मिशन मानव मस्तिष्क को समझना और उसे सक्षम बनाना है। यह गोपनीयता नीति बताती है कि जब आप मानसिक स्वास्थ्य भागफल सर्वे को पूरा करते हैं तो सैपियन लैब्स आपके द्वारा एकत्र किए गए डेटा का उपयोग कैसे करते हैं।

पहचान की जानकारी

मानसिक स्वास्थ्य सर्वे में भाग लेने के लिए आपको व्यक्तिगत पहचान संबंधी कोई भी जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है। सर्वेक्षण के अंत में, यदि आप अपने पूरे स्कोर और संक्षिप्त सारांश रिपोर्ट के अतिरिक्त अपनी निःशुल्क विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपसे एक ईमेल पता देने के लिए कहा जाएगा जिस पर इस रिपोर्ट को भेजा जा सकता है। यह वैकल्पिक है।

ईमेल पते का उपयोग

यदि आपका ईमेल पता दियाा गया है, तो इसका उपयोग मुख्य रूप से आपको एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने के उद्देश्य से किया जाता है और इसका उपयोग एक ही ईमेल पता प्रदान करने वाले कई सर्वे का आकलन और कोड करने के लिए, एक पहचानकर्ता के रूप में भी किया जाएगा। हम आपको एमएचक्यू को दोबारा लेने के लिए वार्षिक रिमाइंडर (अनुस्मारक) भी भेज सकते हैं और यदि आप इसमें शामिल होते हैं और हमें ऐसा करने की अनुमति प्रदान करते हैं तो मानसिक स्वास्थ्य के फॉलो-ऑन (अनुवर्ती) अध्ययनों में भाग लेने के निमंत्रण के साथ कभी-कभी आपसे संपर्क भी कर सकते हैं। आपका ईमेल पता किसी तीसरे पक्ष के साथ शेयर (साझा) नहीं किया जाएगा या किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा। सर्वे के किसी विशेष भाग से जुड़ा आपका ईमेल पता, उस सर्वे की तारीख से 2 साल के अंदर हटा दिया जाएगा और केवल एक एन्क्रिप्टेड पहचानकर्ता के रूप में स्टोर किया जाएगा।

डेटा का उपयोग

सर्वे में आपके द्वारा दिए गए सभी उत्तरों का उपयोग केवल सैपियन लैब्स और उसके वैज्ञानिक शोध सहयोगी के शोध उद्देश्यों के लिए किया जाता है और किसी भी कमर्शियल उद्देश्य के लिए इसे तीसरे पक्ष के साथ शेयर नहीं किया जाएगा। वैज्ञानिक अनुसंधान के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए जब तक आवश्यक हो, तब तक सैपियन लैब्स रिसर्च आर्काइव के हिस्से के रूप में डेटा को बनाए रखेगा और इसे सुरक्षित रूप से स्टोर किया जाएगा।

डेटा का प्रबंधन और ट्रांसफर

सभी डेटा और इंटरनल डेटा शेयरिंग का प्रबंधन नामित शोध डेटा एडमिनिस्ट्रेटरों के द्वारा किया जाता है। ईमेल पते केवल इन व्यक्तियों द्वारा ही एक्सेस किए जा सकते हैं और ये दूसरों को ट्रांसफर नहीं किए जाएँगे। बाकी सभी डेटा सैपियन लैब्स के शोधकर्ताओं और अन्य शोध सहयोगियों को ट्रांसफर किया जा सकता है। हम इस सर्वे आंकलन के भाग के रूप में आपसे एकत्र किए गए डेटा को उस देश के अलावा अन्य देशों में भी ट्रांसफर और स्टोर कर सकते हैं जहाँ पर डेटा मूल रूप से एकत्र किया गया था। जब हम आपका डेटा अन्य देशों में ट्रांसफर करते हैं, तो हम इस गोपनीयता नीति में बताए अनुसार डेटा की रक्षा करेंगे और डेटा के ट्रांसफर के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने वाली लागू कानूनी आवश्यकताओं का पालन करेंगे।

अपने डेटा के लिए अनुरोध करना

यदि आपने विस्तृत सर्वे रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए एक ईमेल पता नहीं दिया है, तो आप गुमनाम हैं, इसलिए आप सर्वे के अपने उत्तरों का अनुरोध नहीं कर पाएँगे। हालाँकि, यदि आपने एक ईमेल पता प्रदान किया है, तो आप सर्वे लेने के दौरान आपके द्वारा दिए गए ईमेल से, सर्वे लेने की तारीख से 2 साल तक के अपने डेटा का अनुरोध info@sapienlabs.org पर एक ईमेल भेजकर कर सकते हैं। इस ईमेल में सर्वे लेने की तारीख भी लिखें। सैपियन लैब्स आपके अनुरोध के 30 दिनों के अंदर आपका डेटा उस ईमेल पते पर भेज देगें।